सार-समाचार

सायला में 315 केवी का नया ट्रांसफार्मर

सायला, (निसं)। सायला नगर के पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही कम वोल्टेज की समस्या का अब स्थाई समाधान हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के प्रयासों से शनिवार को पुराना बस स्टैंड स्थित गणपति मंदिर के पास 315 केवी का नया और भारी क्षमता वाला ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। जिस पर ग्रामीणों ने मंत्री गर्ग का आभार जताया है। उल्लेखनीय है कि नगर के इस व्यस्ततम इलाके में पूर्व में मात्र 16० केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। क्षेत्र में आबादी और व्यावसायिक गतिविधियों के बढने से लोड अधिक हो गया था, जिसके चलते आए दिन वोल्टेज कम रहने और ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती थी। जिसको लेकर स्थानीय निवासियों ने मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग को इस समस्या से अवगत कराते हुए उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की थी। जनता की मांग को गंभीरता से लेते हुए मुख्य सचेतक गर्ग ने तत्काल डिस्कॉम के उच्च अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। शनिवार को डिस्कॉम की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए पुराने ट्रांसफार्मर को हटाकर नया 315 केवी का ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया। इस दौरान डिस्कॉम के जेईएन आशाराम चौधरी, स्टोर प्रभारी राकेश मीणा, लाइनमैन गोपाल लखारा, गोपाल मेघवाल सहित तकनीकी टीम ने दिनभर कडी मशक्कत कर कार्य पूर्ण किया। वही पूर्व सरपंच एवं भाजपा जिला प्रवक्ता सुरेश राजपुरोहित सहित गणमान्य नागरिकों ने मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग का आभार व्यक्त किया।

विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

जालोर, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति रानीवाडा के निर्देशन मे आँगनवाडी केन्द्र 4 करवाडा में विधिक जागरुकता व साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दोरान पीएलवी फौजाराम परिहार मेघवाल ने बताया कि वायु प्रदुषण, ध्वनि प्रदुषण , जल प्रदुषण, राजस्थान पीडित प्रतिकर योजना एवं जन उपयोगी सेवाओ से जुडी शिकायतो की विस्तृत जानकारी दी। और जन उपयोगी सेवा समस्या समाधान अभियान की जानकारी दी। जिसके अंतर्गत बिजली , पानी, परिवहन, बैंकिग, बीमा, स्वास्थ्य सेवाएँ , शिक्षा , आवास, भू -संपदा तथा एलपीजी से संबंधित शिकायतो का समाधान किया जाएगा। यह अभियान न्याय आपके द्वार के तहत 1० फरवरी 2026 तक चलेगा। नागरिक घर बैठे व्हाट्सप नंबर पर आवेदन एवं आधार कार्ड भेजकर अपनी समस्या दर्ज करा सकते है।शिविर के दौरान उपसिथत लोगों को जागरुकता पेम्पलेट का वितरण किया गया। और साईबर अपराध की जानकारी दी । और नालसा 151०० हेल्पलाईन नंबर की जानकारी दी। जनकल्याणकारी योजनाओ की विस्तार से जानकारी दी। इस मोके पर आँगनवाडी कार्यकर्ता अणसीदेवी, सहायिका रमिला देवी, लीलू देवी, हरचंद राम,पाबू देवी गंगा देवी भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

रबी फसलों की वर्तमान स्थिति देखी

बालोतरा, (निसं)। अतिरिक्त निदेशक कृषि डॉ गगन राम मटोरिया द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण कर समदडी क्षेत्र के विभिन्न गांवों का निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने किसानों से संवाद कर रबी फसलों की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया तथा कृषि कार्यों को और बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त निदेशक ने किसानों को सरसों, चना, जीरा सहित अन्य रबी फसलों में संतुलित उर्वरक उपयोग, समय पर सिंचाई तथा कीट-रोग प्रबंधन के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर खाद का प्रयोग करने, बीज उपचार अनिवार्य रूप से करने तथा मौसम के अनुसार कृषि कार्य करने की सलाह दी। अधिकारियों ने खेतों में खरपतवार नियंत्रण, रोगग्रस्त फसलों की पहचान कर तुरंत उपचार करने तथा उत्पादन बढाने के लिए वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया। साथ ही कृषि विभाग बालोतरा की टीम कृषि अधिकारी ओम प्रकाश तरड, सहायक कृषि अधिकारी दुदाराम बारूपाल कृषि पर्यवेक्षक अचलाराम, हुकमाराम आदि ने निरीक्षण के दौरान मिले उपस्थित किसानों को विभागीय योजनाओं फॉर्म पॉड कृषि यंत्र एवं तारबंदी का भी निरीक्षण किया और अनुदान संबंधी जानकारी भी दी गई एव किसानों से अपील की कि वे आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर लागत कम करें और उत्पादन व गुणवत्ता में वृद्धि करें।

योनो ऐप डाउनलोड करवाकर ठगी

जोधपुर, (कासं)। शहर के नई सडक़ स्थित एक होटल के पीछे रहने वाले व्यक्ति को शातिर ने साइबर ठगी का शिकार बनाकर 4.77 लाख रूपयों की ठगी कर ली। पीड़ित पहले साइबर थाने गया मगर बाद में उसे संबंधित थाने में रिपोर्ट देने को कहा। अब सदर बाजार थाने में आईटी एक्ट एवं धोखाधड़ी में प्रकरण दर्ज हुआ है। पुलिस ने इस बारे में पड़ताल आरंभ की है। सदर बाजार थानाधिकारी माणकराम ने बताया कि नई सडक़ स्थित मरूधर होटल के पीछे रहने वाले हफीजुरहमान पुत्र अजीजुरहमान ने यह रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 27 दिसम्बर को उसके पास वाटसअप कॉल आया और लिंक भेजा था। जिस पर उसने एसबीआई की साइट डाउनलोड करने के लिए योनो ऐप को डाउनलोड करवाया। यह ऐप डाउनलोड के बाद शातिर ने उसके बैंक खाते की जानकारी ले ली। बाद में उसके खाते से दो बार में 4.77 लाख रूपए निकाल लिए गए। शातिर ने बाद में फोन बंद कर दिया। थानाधिकारी माणकराम ने बताया कि पीड़ित ने पहले साइबर थाने में इसकी रिपोर्ट दी। मगर अब सदर बाजार थाने में रिपोर्ट दी गई है। मामले में जांच की जा रही है।

भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

गुड़ामालानी, (निसं)। गुड़ामालानी और धोरीमना को बालोतरा जिले में शामिल करने के आदेश ने सबको चौंका दिया है। गुड़ामालानी पहले बाडमेर जिले में था । लेकिन अब इसे बालोतरा जिले में शामिल कर लिया गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। बालोतरा को 7 अगस्त 2023 को राजस्थान का 50वां जिला बनाया गया था। तब से गुडामालानी और धोरीमना बालोतरा जिले का हिस्सा हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोडकर खुशी जाहिर की । गुडामालानी और धोरीमना के लोगों ने इस बदलाव का स्वागत किया है । लेकिन कुछ लोगों का कहना है कि इससे उन्हें अपने पुराने जिले से जुडे कामों में परेशानी हो सकती है। इस बदलाव से बाडमेर जिले की सीमाएं भी बदल गई हैं। बालोतरा जिले में सम्मिलित करने का सोशल मीडिया के जरिए भाजपा कार्यकर्ताओं को सुचना मिलने पर अहिंसा सर्किल पर इकट्ठे होकर पटाखे फोडने के साथ खुशी जाहिर की। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम जैन ने कहा कि गुडामालानी ओर धोरीमन्ना को बालोतरा में शामिल करने से रिफाइनरी के साथ कई अच्छे लाभ मिलेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्यमंत्री कृष्ण कुमार विश्नोई का आभार व्यक्त किया।

टिश्यू पेपर की बात पर चाकू चले

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर के उमराव खां पेट्रोल पंप के सामने चौधरी भोजनालय पर 1-2 जनवरी की मध्य रात टिश्यू पेपर की बात को लेकर विवाद हुआ। बाद में बदमाशों ने चाकू से हमला किया। जिससे वहां मौजूद चार- पांच लोग जख्मी हो गए। जिनमें एक जने को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना को लेकर हत्या प्रयास में नामजद रिपोर्ट हुई है। राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि डालीबाई मंदिर चौराहा स्थित उमराव खां पेट्रोल पंप के सामने चौधरी भोजनालय आया है। रात एक बजे अफजल खां और उसके कुछ साथी खाना खाने आए हुए थे। तब टिश्यू पेपर लेने की बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर अफजल खां ने अपने पास से चाकू निकाला और हमला कर दिया। जिससे वहां पर बैठे चार पांच लोग चाकू के वार से जख्मी हो गए। भोजनालय में रेवताराम जाट पुत्र भैराराम जाट ने बीच बचाव किया तो उस पर चाकू से हमला किया गया, जिससे वह ज्यादा जख्मी हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश जारी है।

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

जालोर, (कासं)। भीनमाल के पास जैतू गाँव में श्री स्वामी नारायण इंटरनेशनल स्कूल द्वारा पीएसएम मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ 1 जनवरी से हुआ। इस शिविर में ग्रामीणों ने बढ-चढकर भाग लिया और निशुल्क जाँच करवाई।कार्यक्रम की शुरुआत ठाकुर महेंद्र सिंह, सरपंच हीरा राम चौधरी और संस्था के संस्थापक स्वामी दिव्य स्वरुप दास द्वार उद्बोधन के साथ की गई।सभी लोगों ने निशुल्क जाँच करवाई और दवाई ली।लोगों को बहुत अच्छा फायदा मिला और उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान हुआ। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जाँच और परामर्श किया गया।

राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता वुशू खिलाड़ियों का स्वागत

जालोर, (कासं)। 26 से 30 दिसंबर तक राजनंदगांव छत्तीसगढ़ में आयोजित नवीं फैडरेशन कप नेशनल वुशू प्रतियोगिता में आर्य वीर दल में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सात खिलाडियों सुनीता चौधरी, मयंक भादरु, दिव्या सोनी, काव्या गुप्ता, कर्तव्य गुप्ता,कुसुम सुथार एवं रुद्राक्ष ने भाग लिया।

आर्य वीर दल के महामंत्री शिवदत आर्य ने बताया कि इन खिलाडियों ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए राजस्थान के लिए चार स्वर्ण पदक एवं एक रजत पदक प्राप्त कर जालौर के लिए ऐतिहासिक सफलता अर्जित कर जालौर एवं प्रदेश को गोरवान्वित किया है। आर्य वीर दल के वुशू कोच देवेश आर्य ने बताया कि सुनीता चौधरी ने सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर जालौर जिले की राष्ट्रीय स्तर पर पहले सीनियर वर्ग की स्वर्ण पदक विजेता करने का गौरव प्राप्त किया है, इसी प्रकार जूनियर वर्ग में दिव्या सोनी ने स्वर्ण पदक जीत कर जूनियर वर्ग की पहली महिला खिलाडी बनने का गौरव प्राप्त किया है। मयंक भादरू ने लगातार दूसरे वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीत कर प्रदेश का गौरव बढाया है । गत वर्ष की कांस्य पदक विजेता काव्य गुप्ता ने अपने मैडल का रंग बदलकर स्वर्ण पदक किया है । उनके जुडवा भाई कर्तव्य गुप्ता ने पहली बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेते हुए राजस्थान के लिए रजत पदक प्राप्त कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है ।

इस अवसर पर आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार, राजस्थान के संचालक विनोद आर्य, संरक्षक दलपत सिंह आर्य, जिला वुशू सिंह के सचिव कन्हैयालाल मिश्रा एवं जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल ने सभी खिलाडियों का माला पहनकर स्वागत करते हुए देश के लिए पदक जीतने के लिए कामना की एवं राजस्थान वुशू संघ एवं जिला वुशू संघ आभार जताया। आर्यवीर दल के महामंत्री शिवदत्त आर्य ने स्वागत कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि आर्य वीर दल द्वारा जिले खिलाडियों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसके चलते संगठन के खिलाडियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 1 स्वर्ण पदक, राष्ट्रीय स्तर पर 11 स्वर्ण, 11 रजत एवं 12 काँस्य पदक सहित 34 पदक एवं राज्य स्तर पर 26 स्वर्ण पदक 16 रजत पदक एवं 15 कांस्य पदक सहित 57 पदक जीत पर जालौर जिले का परचम अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर फहराया है । इस कार्य में सहयोग करने वाले शहर वासियों अभिभावक बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

आर्य वीर दल के संरक्षक दलपत सिंह आर्य ने खिलाडियों के जुनून की प्रशंसा करते हुए कहा कि यही जुनून जिंदा रखें एवं मेहनत कर देश के लिए मेडल जीतें। उन्होंने कोच देवेश आर्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने त्याग एवं समर्पित भाव से खिलाडी तैयार कर हम सब का गौरव बढाया है। खिलाडियों को संबोधित करते हुए आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने कहा कि अब हमारे खिलाडी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दस्तक देने लगे हैं, और अधिक मेहनत करें देश के लिए मेडल प्राप्त कर हम सबका गौरव बढाए । राजस्थान आर्य वीर दल के संचालक विनोद आर्य ने कहा कि परमात्मा की कृपा आप सभी खिलाडियों पर है, इसके चलते आपको निरंतर सफलताएं मिल रही हैं द्य उस ईश्वर का धन्यवाद प्रतिदिन करते रहे।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आर्य समाज के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश, सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी आदित्यवेश, राजस्थान आर्यवीर दल के अध्यक्ष भंवरलाल आर्य, बेटी बचाओ अभियान की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन पूनम आर्या, संयोजक बहन प्रवेश आर्या, आर्य वीर दल के संचालक प्रशांत सिंह, अंतरराष्ट्रीय कोच राजेश टेलर, राष्ट्रीय निर्णायक ललित कुमार, संगठन मंत्री कांतिलाल आर्य , वरुण शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य चैनकरण करणोत, प्रधानाचार्य भंवर मकवानाए, प्रियंका शर्मा, पूर्व पार्षद जगदीश आर्य,छगन आर्य, अंबिका प्रसाद तिवारी, मोहन लाल आर्य गणपतलाल, छगननाथ, आलोक सोनी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

जालोर आर्य वीर दल ने राजनंदगांव छत्तीसगढ़ में आयोजित नवीं फैडरेशन कप नेशनल वुशू प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

सावित्रीबाई फुले की जयंती पर पुष्पांजलि व गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित

जालोर, (कासं)। हिंदू युवा संगठन संस्था जालौर की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महान समाज सुधारक, शिक्षाविद् एवं नारी सशक्तिकरण की अग्रदूत मां सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर मां सावित्रीबाई फुले छात्रावास, होटल विजय पैराडाइज के सामने पुष्पांजलि एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नगर अध्यक्ष हेमेंद्रसिंह बगैडिया ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मां सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र मुनोत उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अमन देवेंद्र मेहता, दिनेश महावर, उर्मिला दर्जी, महेंद्र राठौड, प्रवीण चौहान, श्रवण सिंह सिसोदिया एवं प्रवीण भादरु उपस्थित रहे।

अध्यक्षीय उद्बोधन में एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने कहा कि मां सावित्रीबाई फुले ने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष करते हुए शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया। उनका जीवन नारी शिक्षा, समानता एवं सामाजिक न्याय का प्रेरणास्त्रोत है। मुख्य अतिथि महेंद्र मुनोत ने अपने संबोधन में कहा कि मां सावित्रीबाई फुले का योगदान आज भी समाज को नई दिशा देने वाला है। उनके विचारों को आत्मसात कर युवाओं को शिक्षा और संस्कार के मार्ग पर आगे बढना चाहिए। अमन देवेंद्र मेहता ने कहा कि मां सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं को शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का जो कार्य प्रारंभ किया, वह आज के समय में और भी प्रासंगिक हो गया है। दिनेश महावर ने कहा कि सामाजिक समरसता, समानता और शिक्षा के क्षेत्र में मां सावित्रीबाई फुले का संघर्ष सदैव स्मरणीय रहेगा। प्रवीण भादरु ने कहा कि हिंदू युवा संगठन संस्था द्वारा इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक चेतना का संचार करते हैं तथा नई पीढी को महापुरुषों के विचारों से जोडने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के अंत में उर्मिला दर्जी ने धन्यवाद-आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदू युवा संगठन संस्था द्वारा मां सावित्रीबाई फुले जयंती जैसे प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन समाज में शिक्षा, समानता एवं नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

उन्होंने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित नागरिकों का कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में संस्था कार्यकर्ता छात्रावास छात्राएं उपस्थित थी।

संभागीय आयुक्त को दिखी जालोरी गेट में गंदगी

जोधपुर,(कासं)। संभागीय आयुक्त एवं जोधपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा सिंह ने शनिवार को मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित जोधपुर विकास प्राधिकरण की ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाइल मार्केट नगर योजना, मोगड़ा के लॉटरी कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पश्चात वापस लौटते समय जोधपुर शहर के जालोरी गेट क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेते हुए औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जालोरी गेट क्षेत्र में कुछ स्थानों पर कचरा एवं गंदगी की स्थिति पाए जाने पर संभागीय आयुक्त ने मौके पर उपस्थित रहवासियों एवं दुकानदारों से सफाई व्यवस्था को लेकर संवाद किया। इस दौरान क्षेत्र के दुकानदार चंद्र प्रकाश द्वारा सफाई व्यवस्था से संबंधित कुछ व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराया गया, जिन पर संभागीय आयुक्त ने गंभीरतापूर्वक संज्ञान लिया।

मौके की स्थिति के अवलोकन के पश्चात संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने क्षेत्र के सीएसआई श्याम मनोहर को सफाई व्यवस्था से संबंधित आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

नगर निगम की उपायुक्त श्रीमती अर्चना व्यास से भी स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा, ताकि भविष्य में व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जा सके। निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त ने नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ पालानीचामी से दूरभाष पर चर्चा कर जालोरी गेट सहित शहर की समठा सफाई व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया एवं नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि सफाई कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर और अधिक व्यवस्थित, नियमित एवं प्रभावी बनाया जाए। उल्लेखनीय है कि नगर निगम आयुक्त स्वयं भी उस समय शहर में फील्ड राउंड पर थे।

संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता शहर की छवि, नागरिक स्वास्थ्य एवं जीवन गुणवत्ता से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने निर्देश दिए कि सफाई कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, कचरा उठाव एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखा जाए तथा नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में भी समय-समय पर ऐसे औचक निरीक्षण किए जाएंगे, जिससे सफाई व्यवस्था को निरंतर बेहतर बनाया जा सके।

अभियान की अवधि बढ़ी

जालोर। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत चयनित सक्षम व्यक्तियों से नाम पृथक करवाने के लिए चलाए जा रहे 'गिव-अप अभियान' की अवधि को 28 फरवरी, 2026 तक बढ़ाया गया है। जिला रोजगार अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि स्वेच्छा से नाम पृथक करवाने के लिए 1 नवम्बर, 2024 को शुरू हुए गिव अप अभियान की अवधि 28 फरवरी, 2026 तक बढ़ाई गई है।

न्यायाधिपति का अधिवक्ता परिषद् ने स्वागत किया

जालोर में अधिवक्ता परिषद् ने हाईकोर्ट के न्यायाधिपति संदीप शाह, विपिन कुमार गुप्ता व सेवानिवृत न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग का स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर,(कासं)। सर्किट हाउस में अधिवक्ता परिषद जालोर इकाई की ओर से शनिवार को राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति जस्टिस संदीप शाह, न्यायाधिपति एवं जालोर के गार्जियन जज जस्टिस बिपिन गुप्ता और सेवानिवृत न्यायाधिपति मनोज कुमार कुमार का स्वागत किया गया।

अधिवक्ता परिषद के अश्विन राजपुरोहित ने बताया कि ने अभिभाषक संघ के कार्यक्रम को लेकर पहुंचे न्यायाधिपति संदीप शाह, बिपिन गुप्ता और मनोज गुप्ता का वरिष्ठ अधिवक्ता बसंत कुमार गहलोत, शंभूदान आशिया और गोपालसिह के नेतृत्व में साफा और माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान न्यायाधिपतिगण को बालोतरा अधिवेशन को लेकर प्रकाशित बुकलेट सावियर भी भेंट की गई। इस दौरान अधिवक्ता परिषद के जोधपुर महानगर इकाई के देवकीनंदन व्यास, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य दिलीप शर्मा, जिला इकाई के ललित खत्री, अश्विन राजपुरोहित, प्रवीण कुमार घांची, अशोक कुमार सुथार, केशव व्यास, ओम सोनी, मीठालाल सुथार, गणपतसिह नोरवा, रणजीतसिह, ज्योत्सना राजपुरोहित, नीतू राजपुरोहित सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

रानीवाड़ा में 5 से क्रिकेट महाकुंभ

रानीवाड़ा, (नि.सं.)। खेल प्रतिभाओं को तराशने और युवाओं को मैदान से जोड़ने के उद्देश्य से रानीवाड़ा के खेल मैदान में आगामी 5 जनवरी से एक भव्य रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज होने जा रहा है।

पूर्व सैनिक स्वर्गीय हडमतसिंह देवल (ठिकाना करड़ा) की पावन स्मृति में आयोजित होने वाले इस खेल महोत्सव को लेकर पूरे मारवाड़ और सरहदी बाड़मेर-जालोर क्षेत्र में भारी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी की मौजूदगी रहेगी, जिनके आगमन को लेकर युवाओं में अभी से खासा क्रेज बना हुआ है।

भगवा क्रांति संगठन, रानीवाड़ा के तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन सोमवार, 5 जनवरी 2026 को शाम 7:00 बजे सरकारी हॉस्पिटल के सामने स्थित खेल मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम में तारातरा मठ के महंत पोकरण विधायक प्रतापपुरी महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। आयोजन के आकर्षण का मुख्य केंद्र शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी रहेंगे, जो मुख्य अतिथि के तौर पर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करेंगे।

जालोर-सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी, पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, पूर्व मंत्री अर्जुनसिंह देवड़ा और कांग्रेस जिलाध्यक्ष रमीला मेघवाल सहित राजनीति के कई दिग्गज एक ही मंच पर नजर आएंगे।

राष्ट्रीय मरू रत्न पुरस्कार दिए

जोधपुर, (कासं)।श्री पुष्टिकर श्रीपुरोहित सूरजराज रूपदेवी स्मृति महिला महाविद्यालय, सिवांची गेट एवं मरू पर्यावरण संरक्षण संस्थान (डेको) जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मरू रत्न पुरस्कार 2025 का आयोजन आज श्री पुष्टिकर महिला महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डेको के कार्या की प्रदर्शनी का न्यायाधिपति एन. एन. माथुर ने फीता काटकर उदघाटन किया।

डेको के संयोजक डॉ. एस. एल. हर्ष ने बताया कि आज के इस भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायाधिपति एन. एन. माथुर थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एल. एन. हर्ष (ख्यातनाम वैज्ञानिक, काजरी एवं पूर्व कुलपति कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर), थे ।समारोह की अध्यक्षता शांति प्रसाद हर्ष (सचिव, श्री पुष्टिकर एज्युकेशन ट्रस्ट) एवं श्री ओम प्रकाश लोहरा (सचिव, महाविद्यालय एवं कोषाध्यक्ष, श्री पुष्टिकर एज्युकेशन ट्रस्ट) थे ।

न्यायाधिपति एन. एन. माथुर ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण संरक्षण की अनिवार्यता पर बल दिया।

13 राष्ट्रीय मरू रत्नों को शाफा, शॉल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया।

पाली में गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण

पाली, (नि.सं.)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 की निर्धारित तिथियों अनुसार पाली जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 117-सोजत, 118-पाली, 119-मारवाड़ जंक्शन, 120-बाली, 121-सुमेरपुर के समस्त बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वे कर गणना प्रपत्र वितरित कर, संकलित कर ऑनलाइन डिजिटाईजेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोग द्वारा गणना प्रपत्र को रोलबैक करने की सुविधा मुहैया करवाई गई है, जिसकी सहायता से यदि किसी मतदाता का फॉर्म गलत भरा गया अथवा स्थायी रूप से स्थानान्तरित बता दिया गया हो तो पुनः इस विकल्प के द्वारा गणना फॉर्म ठीक किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन कार्यालय पाली द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में रेखा देवी तहसीलदार (निर्वाचन) के पर्यवेक्षण में हैल्पडेस्क का संचालन किया जा रहा है, जिसमें आम जनता के एसआईआर संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए ऑनलाइन व ऑफलाईन फॉर्म भरने में आने वाली कठिनाईओं का निराकरण अनवरत किया जा रहा है।

योगेश गुप्ता, दिनेश कुमार द्वारा आने वाले मतदाताओं को आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुए वर्ष 2002 में उनकी मैंपिग ढुढंने का कार्य भी किया जा रहा है। बीएलओ व सहायक बीएलओ की टीम को यदि किसी तकनीकी सहायता की आवश्यकता है, तो उसका समाधान सुरेन्द्र जैन एवं रामकृष्ण, सहायक प्रोठामर द्वारा किया जा रहा है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय पाली में जिला सम्पर्क केन्द्र स्थापित किया गया है जिसके अन्तर्गत आमजन चुनाव संबंधी जानकारी टोल फ्री नम्बर 1950 पर कॉल कर घर बैठे भी प्राप्त कर सकते है।

जिला सम्पर्क केन्द्र पर प्राप्त शिकायतों का समाधान राजदीप, विकास भाटी द्वारा किया जा रहा है। उक्त शिकायतों के संबंध मे सहायक प्रशासनिक अधिकारी संदीप दवे के मोबाईल नम्बर 8769572662 व कनिष्ठ सहायक नरसिंह भाटी के मोबाइल नंबर 9460130324 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) पाली लक्ष्मी नारायण मंत्री ने बताया कि बीएलओ ऐप पर मतदाताओं की मैंपिंग अद्यतन करने की सुविधा भी बीएलओ को आयोग द्वारा प्रदान की गई है। यदि किसी मतदाता ने पूर्व में फॉर्म भरते समय वर्ष 2002 की सूची से स्वयं की मैपिंग पता नही थी, परन्तु अभी पता चल गया हो तो संबंधित बीएलओ से सम्पर्क कर स्वयं की मैपिंग में सुधार करवा सकता है। मेरी पाली जिले के आम मतदाताओं से अपील है कि दिनांक 11 दिसंबर 2025 से पूर्व अपना गणना प्रपत्र भरना सुनिश्चित करे, यदि वर्ष 2002 से मैपिंग नही बताई गई है तो बीएलओ व तकनीकी टीम का सहयोग लेकर वर्ष 2002 से मैपिंग पता लगाकर सूचना अद्यतन करावे ताकि प्रारूप प्रकाशन 16 दिसंबर 2025 के पश्चात दस्तावेज नही देने पडेगें। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के द्वारा नियुक्त बूथ स्तरीय अभिकर्ताओ से भी आठाह है कि उक्त कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

पर्यटकों से ठगी, आरोपी पकड़ा

जोधपुर, (कासं)। शहर के रातानाडा पुलिस थाना क्षेत्र के हरिजन बस्ती के पास का एक वीडियो आज वायरल हुआ। एक युवक ने पर्यटकों की कार को रूकवाया और मोबाइल टूटने का झांसा देकर रूपए ऐंठने लगा। कार में चालक ने माफी भी मांगी और रूपए देने का राजी हो गया मगर स्थानीय युवक उसे गाड़ी में तोडफ़ोड़ की धमकी देने लगा। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपी को रात तक शांतिभंग में पकड़ लिया। आरोपी ने खुद के किए पर पछतावा भी जताया व सोशल मीडिया पर माफी मांगी।पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में पेश किया। रातानाडा थानाधिकारी दिनेश लखावत ने बताया कि आज दिन में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें एक शातिर पर्यटकों की कार को रूकवा कर चालक को मोबाइल तोड़े जाने के लिए धमका रहा था और रूपए मांग रहा था। उसने कार में तोडफ़ोड़ की धमकी दी थी और खुद को वाल्मिकी समाज का बताया था। थानाधिकारी लखावत ने बताया कि हरकत में आई पुलिस की टीम ने रात को चौपासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 16 स्थित धर्मशाला के सामने रहने वाला गौरव उर्फ राहुल उर्फ सेंकी सैन को पकड़ा है।

समस्याओं पर चर्चा

बालोतरा, (निसं)। नगर परिषद सभागार में आज अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शहर की सफाई, , स्ट्रीट लाइटिंग और अतिक्रमण के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में नगर परिषद के आयुक्त अधिशासी अभियंता एवं अन्य तकनीकी शाखा कर्मचारी राजस्व अधिकारी स्वास्थ्य निरीक्षक आदि सभी शाखों के प्रभारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

अतिरिक्त जिला कलैक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए तत्काल कदम उठ